प्रेस-विज्ञप्ति **31.05.2019**

आज दिनांक 31 मई, 2019 को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस (वर्ल्ड एंटी टोबैको डे) के अवसर पर मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश ने अपने परिसर को **"तम्बाकू मुक्त परिसर"** घोषित करने हेतु एक संवादात्मक वार्ता का आयोजन किया।
आज की यह वार्ता श्री बी.एम. गर्ग, अध्यक्ष, मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश, की अध्यक्षता में समपन्न हुई जिसमें मुख्य रूप से डॉ. आई.एम. रोहतगी, श्री प्रेम मनोहर गुप्ता, , सुनील खन्ना, संतोष गुप्ता, आत्मा राम खत्री, मुकुल टंडन, अतुल कनोडिया, डॉ. उमेश पालीवाल, विजय पांडे, सुशील शर्मा, महेंद्र नाथ मोदी उपस्थित थे।

उक्त वार्ता में यह बताया गया कि पान, मसाला, व् तम्बाकू सेवन न केवल बीमारियों के लिए आमंत्रण है वरन यह वह जानलेवा पदार्थ है जो उस व्यक्ति के साथ-साथ पुरे परिवार को तोड़ के रख देता है। तम्बाकू सेवन से होने वाली बीमारियों में हार्ट अटैक, ब्रेन-स्ट्रोक, मुँह का कैंसर, फेफड़ों का गलना व् बांझपन भी एक भयानक बीमारी है। अपना शहर कानपुर को अगर हम तम्बाकू सिटी के नाम से कहें तो अतिश्योक्ति नहीं होगी क्योकि लगभग अधिकांश नागरिक के मुँह में हम पान-मसाला व् तम्बाकू चबाते हुए देखते है। शहर की अधिकांश आबादी पान-मसाले व् तम्बाकू चबाने की आदि हो चुकी है।
पान-मसाला व् तम्बाकू के स्वान से बचने के लिए बहुत से उपाय किया जा सकते है लेकिन खुद से दृण-निश्चयी होने अतिआवश्यक है। सरकार द्वारा भी पान-मसाला को रोकने के लिए पहल की जानी चाहिए क्योकि यदि कोई कदम जन-हित में उठाया जाता है तो पूरे देश का है भविष्य बेहतर व् सुरक्षित हो सकता है।
मर्चेंट्स चैम्बर की 'तम्बाकू मुक्त परिसर' की वार्ता में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पास कर प्रधानमंत्री/ मुख्यमंत्री को भेजा जाना प्रस्तावित किया गया कि " हम शराब बॉर की तरह पान-मसाला-तम्बाखू के खाने को भी पान-मसाला बॉर बना दें, मसाला उसी बॉर में खाये व् थूंके। बाहर व् घर के बाहर मसाला खाते या खाये जाने व् पकड़े जाने पर जुर्माना हो व् तीसरी बार पकड़े जाने पर जेल का प्रावधान हो साथ ही नो स्मोकिंग जोन की तर्ज़ पर नो टोबैको जोन बनाने पर भी विचार किया जाए"।
साथ ही मर्चेंट्स चैम्बर के समस्त सदस्यों को इस बात के लिए जागरूक किया जाएगा कि वे अपने-अपने व्यवसायिक परिसरों को "तम्बाकू मुक्त परिसर" घोषित करने की दिशा में कदम उठाये। इस कार्य हेतु उन्हें स्टीकर भेजने का प्रस्ताव भी पास किया गया।

आज की इस अतिमहत्वपूर्ण वार्ता में मर्चेंट्स चैम्बर प्रांगण में समस्त उपस्थित सदस्यगण यह प्रतिज्ञा करते है कि मर्चेंट्स चैम्बर को आज से 'तम्बाकू मुक्त परिसर' बनाने में पूर्ण दृणप्रतिज्ञ होंगे।

सधन्यवाद